प्रादेशिक समाचार
15.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव और फिर संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति का अभिभाषण होने की परंपरा है।

***************

पीएमएलए की विशेष अदालत ने टेंडर घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल और निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि चौदह दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब अदालत में इनकी पेशी 29 नवंबर को होगी। इससे पहले आज इन सभी की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी हुई। ईडी ने टेंडर घोटाला मामले में सबसे पहले तेईस फरवरी 2023 को विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था, जबकि ओएसडी संजीव लाल और उनके निजी सहायक जहांगीर को इस वर्ष छह मई को गिरफ्तार किया गथा। इससे पहले उनके ठिकाने से ईडी ने लगभग पैंतीस करोड़ रुपए बरामद किए थे। इसी मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को पन्द्रह मई को हिरासत में लिया गया था।

***************

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की आज घोषणा की। साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 24 लेखकों और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है। सभी चयनित लेखकों को 50 हजार रुपये और एक ताम्र पट्टिका प्रदान की जायेगी।

***************

आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति की कल रांची में बैठक होगी। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में लोकसभा चुनाव परिणाम समेत कई विषयों पर चर्चा होगी।

***************

कुवैत की एक बहुमंजिली इमारत में आग लगने की हुई घटना में मृत मोहम्मद अली हुसैन का शव आज रांची लाया गया। इसके बाद उसके शव को रांची के हिंदपीढ़ी स्थित आवास ले जाया गया। इससे पहले रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की।

***************

बोकारो जिले में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को नियंत्रित करने का प्रयास तेज कर दिया गया है।

***************

राज्यभर में सत्रह जून को बकरीद पर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. पुलिस मुख्यालय ने इस दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दो हजार तीन सौ से ज्यादा अतिरिक्त जवानों की तैनाती का आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ रैफ और बम निरोधक दस्ते के भी तैनात किया गया है। वहीं, रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर और गिरिडीह जिले के संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

***************

लातेहार जिला के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोने गांव में आज सवेरे एक तेज रफ्तार से आ रहे वाहन के अनियंत्रित होकर घर में घुस जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया है। इधर, इस हादसे में मृतक के आश्रित और घायलों को मुआवजा देने की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

***************

बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र के पोंडा गांव से चार आदिवासी किशोरों के लापता होने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में उनके परिजनों ने गुमशुदगी और बाल तस्करी से संबंधित शिकायत थाने में दर्ज करा दी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

***************

आईसीसी टी–ट्वेटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का का मुकाबला कनाडा से होगा। मैच फ्लोरिडा में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे खेला जायेगा। इस मैच का सीधा प्रसारण आकाशवाणी के एफएम रेनबो नेटवर्क और अन्य चौनलों पर शाम साढे सात बजे से प्रसारित किया जायेगा। भारत अपने ग्रुप में सभी मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर है।

*********समाप्त*********